

आप के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद सरकार और सीएम पर आरोप लगाते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री ने पौधारोपण किया

**संवाददाता** देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 17 सितम्बर को जन्मदिन के उपलक्ष्य में 14 सितम्बर से 20 सितम्बर तक मनाये जा रहे सेवा सप्ताह के तहत मंगलवार को सीएम आवास में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने वृक्षारोपण किया।

### उत्तराखंड में मौसम सुहावना, बदरीनाथ हाईवे सुचारु

**संवाददाता** देहरादून। सितंबर शुरू से ही उत्तराखंड में बारिश का सिलसिला सुस्त है। पिछले दो सप्ताह में प्रदेश में सामान्य से 65 फीसद कम बारिश हुई। हालांकि, नियमित अंतराल पर कुछ जिलों में हल्की बारिश हो रही है। वहीं मंगलवार को मौसम सुहावना बना हुआ है। देहरादून, पौड़ी, चमोली समेत अन्य जिलों में सुबह से धूप खिली रही। प्रदेश के अन्य जिलों में बारिश बेहद कम हो रही है। हालांकि, चारधाम समेत अन्य ज्यादातर मार्गों पर यातायात सुचारू है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के मुताबिक आने वाले दिनों देहरादून, पौड़ी और नैनीताल में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

### सत्ताधारी दल को श्वेत पत्र जारी करें: दसौनी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की निवर्तमान प्रदेश प्रवक्ता गरिमा माहरा दसौनी ने भाजपा से पूछा है कि उसके नेता हमारे रोजगार का मुद्दा उठाने पर कुंठित क्यों हो रहे हैं। सत्ताधारी दल को श्वेत पत्र जारी करें। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा क्या भाजपा भूल गई है कि कांग्रेस सरकार ने ही प्रदेश में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग गठित करके 32000 रेगुलर नौकरियों का अध्याचन शुरू किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने साल 2003 से रुकी हुई पटवारी भर्ती को 2014 में शुरू करवाया। दसौनी ने कहा कि नारायण दत्त तिवारी सरकार के स्थापित किए सिडकुल में 70 प्रतिशत स्थानीय को नौकरी देने वाला फार्मूला शुरू किया।

### अनेक मांगों के समाधान के लिए डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**संवाददातां** देहरादून। भैंरव सेना के कार्यकर्ताओं ने फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्वीटर इत्यादि को आधार कार्ड से जोड़े जाने सहित अनेक मांगों के समाधान के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए केन्द्रीय सूचना एंव प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर को प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से एक ज्ञापन प्रेषित किया। भैरव सेना के कार्यकर्ता विभाग संयोजक संजीव टांक के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय कोविड–19 के नियमों के अंतर्गत दर्जन भर की संख्या में अपनी मांगों को लेकर पहुंचे और वहां पर जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार नारेबाजी की।

## मुख्य सचिव ने कुम्भ मेला–2021 की तैयारियों के सम्बन्ध में की बैठक

# कुम्भ मेले के कार्यों को समयबद्धता से किया जाए पूर्णः मुख्य सचिव

**निर्देश**

■समयबद्धता के साथ–साथ गुणवत्ता का रखा जाए विशेष ध्यान

■कोविड–19 के दृष्टिगत सभी व्यवस्थाएं की जाएं सुनिश्चित

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव श्री ओम प्रकाश ने मंगलवार को सचिवालय में कुम्भ मेला–2021 की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक की। मुख्य सचिव ने कुम्भ मेले के कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर और आवश्यक सामग्रियों की पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि हर की पौड़ी में कांगड़ा घाट का कार्य 15 नवम्बर, 2020 तक पूर्ण कर लिया जाए, इसके लिए आवश्यक उपकरण एवं सामग्री की उपलब्धता पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली जाए।



सीवरलाईन, पेयजल लाईन, विद्युत लाईन आदि के लिए सम्बन्धित विभागों से समन्वय बनाते हुए, पूर्व नियोजित तरीके से कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि आस्था पथ पर बाढ़ सुरक्षा कार्य को नदी में पानी का स्तर कम होते ही शुरू कर लिया जाए।

काँवड़ पटरी में पक्कीकरण (ब्लैकटॉपिंग) का कार्य 15 नवम्बर तक पूर्ण कर लिया जाए। इन सभी कार्यां के लिए आवश्यक सामग्री की उपलब्धता पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने कहा कि 05 अस्थायी पुलों का निर्माण प्राथमिकता पर लेते हुए, इनका निर्माण कार्य 31 दिसम्बर तक प्रत्येक स्थिति में पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कुम्भ मेले के लिए प्रस्तावित बस स्टैंड का कार्य भी तेजी से पूर्ण कर लिया जाए, इसके लिए आवश्यक फॉरेस्ट क्लीयरेंस भी ले ली जाएं।

मुख्य सचिव ने ओम प्रकाश ने कहा कि कुम्भ मेला–2021 के आयोजन के लिए कम समय रह गया है। सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से किया जाए। साथ ही कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए लगातार मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने डाम कोठी के जीर्णोद्धार के कार्य को भी समय से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कुम्भ मेला–2021 के लिए आवश्यक स्टाफ, मेला अधिकारी, उप मेला अधिकारी, सूचना अधिकारी, पुलिस फोर्स एवं होम गार्ड की तैनाती की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर ली जाए।

मेलाधिकारी दीपक रावत ने कुम्भ मेला क्षेत्र में सड़क, घाट, पार्किंग, शौचालय, सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट, स्वास्थ्य सुविधाएं आदि की जानकारी दी।

बैठक में प्रमुख सचिव आनन्द वर्धन, सचिव आर. के. सुधांशु, शैलेश बगोली, नीतेश झा, श्रीमती राधिका झा, श्रीमती सौजन्या सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### पेशेंट केयर एवं टेस्टिंग की भी आवश्यक व्यवस्थाएं करें सुनिश्चित

मुख्य सचिव ने कोविड–19 के दृष्टिगत कुम्भ मेला–2021 में विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों एवं अन्य आवश्यक स्टाफ की तैनाती ससमय सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए 500 बेड की व्यवस्था रखी जाए, साथ ही पेशेंट केयर एवं टेस्टिंग की भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं।

# राज्य में लॉकडाउन लागू किया जाए की मांग

**चिंतन**

■ प्रदेश में स्थिति बद से बदतर होती जा रही है: राष्ट्रीय उत्तराखंड पाटी

देहरादून। **संवाददाता**

### बढ़ते प्रकोप से व्यापारी भी बेहद चिंतित

व्यापारियों ने तेजी से बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के प्रभाव पर चिंता जताते हुए सरकार से 14 दिन के संपूर्ण लॉकडाउन की मांग की है। इसके साथ ही कहा है कि सरकार व्यापारिक प्रतिष्ठान खुलने का समय सुबह साढ़े दस बजे से शाम साढ़े पांच बजे तय कर दे। सप्ताह में दो दिन शनिवार व रविवार को बाजार बंद कर सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सैनिटाइज किया जाए। राजधानी दून में कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप से व्यापारी भी बेहद चिंतित हैं।

राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी व सामाजिक संगठनों ने कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी से पूरे देश में प्रदेश में स्थिति बद से बदतर होती जा रही है इसलिए कुछ दिनों के लिए सख्ती से राज्य में लॉकडाउन लागू किया जाए की मांग को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है।

मंगलवार को राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी के अध्यक्ष नवनीत गुसाईं के नेतृत्व में सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और वहां पर उन्होंने राज्य में कुछ दिनों के लिए शक्ति से लॉकडाउन लागू करने की मांग को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है।

इस अवसर पर ज्ञापन में कहा गया कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया जाए और प्राइवेट लैबोरेट्रीज अस्पतालों में शक्ति की जाए जिससे कोरोना महामारी से परेशान लोग अपना इलाज सस्ते में करा सके।

ज्ञापन में कहा गया कि इंद्रेश हॉस्पिटल के की एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज है इस पर निगरानी की जाए जिससे यहां अनाप–शनाप ऐसे ना वसूल सके और कोरोना वायरस को ज्यादा से ज्यादा सुविधा दी जाए जिससे उनका मानसिक व काम करने का जज्बा बना रहे। ज्ञापन में कहा गया कि इस महामारी से सभी दफ्तर व बाजार प्रभावित हो गए हैं और दफ्तरों में कोई भी अधिकारी व कर्मचारी न होने के कारण ढंग से कार्य नहीं कर पा रहे हैं और जिससे जनता का समय बर्बाद हो रहा है।

ज्ञापन में कहा गया कि वह काम भी सही ढंग से नहीं हो पा रहा है और सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी पार्टियों के संगठनों से निवेदन किया जाए कि वह बिना कारण प्रदर्शन आदि न करें। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

### उत्तराखण्ड बना हड़ताल प्रदेशः रविन्द्र सिंह आनंद

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड में हर विभाग का हाल बुरा है जहां देखो कर्मचारी, शिक्षक, चिकित्सक सभी हड़ताल पर जा रहे है। कहना गलत नहीं होगा कि उत्तराखण्ड हड़ताल प्रदेश बन चुका है। और प्रदेश के मुखिया को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। उक्त आरोप आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद ने सरकार और मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिह रावत पर लगाए। उन्होंने कहा कि इतने महीनों से कोरोना की मार झेल तमाम विभागों के कर्मचारी जब अपनी डयूटी पूरी कर रहे है तो वे सरकार ये यह ही अपेक्षा रखते है कि उनको तमाम सुविधाएं भी मिले। परंतु ऐसा नहीं है पहले डाक्टरों ने हड़ताल की चेतावनी दी, नर्सेज ने और अब प्रदेश भर के शिक्षक हड़ताल पर है। उनका वेतन नहीं मिल रहा, जिन्हें मिल भी रहा है तो कट कटा कर। यहीं हाल नर्सेज और डाक्टरों के साथ है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।